## रिम्स ओपीडी

**विभाग डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिन : डॉ संजय कुमार सिंह
- सर्जिकल आंकोलॉजी : डॉ अजीत कुमार कुशवाहा
- ऑर्थोपेडिक : डॉ विनय प्रभात
- कार्डियोलॉजी : डॉ प्रशांत कुमार
- टीबी एवं चेस्ट : डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्र : डॉ दीपक लकड़ा
- ऑब्स गायनी : डॉ मीणा मेहता
- ईएनटी : डॉ संदीप कुमार
- रेडिएशन ऑकोलॉजी : डॉ अनूप कुमार
- सीटीवीएस : डॉ अंशुल कुमार
- नेफ्रोलॉजी : डॉ प्रज्ञा घोष पंत
- सायकेट्री : डॉ अजय बाखला
- पीडियेट्रिक सर्जरी : डॉ अभिषेक रंजन

## सदर ओपीडी

**विभाग डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिन : डॉ आशुतोष कुमार, डॉ अरुणोदय और डॉ सत्येंद्र
- ऑब्स एंड गायनी : डॉ किरण चंदेल, डॉ अनुवी
- पीडियाट्रिक : डॉ मृत्युंजय
- हेमाटोलॉजी : डॉ अभिषेक रंजन
- पीडियेट्रिक सर्जरी : डॉ जैनेंद्र कुमार
- कार्डियोलॉजी : डॉ राकेश झा
- सर्जिकल ऑन्कोलॉजी : डॉ प्रकाश भगत
- नेफ्रोलॉजी : डॉ नवीन कुमार बर्णवाल

## शहर में आज

1. जोनल मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल मैच मोरहाबादी मैदान में 10 बजे
2. क्रिसमस गैदरिंग सिटी ऑफिस, बेथेसदा में सुबह 10 बजे से
3. विधानसभा का शीतकालीन सत्र दिन के 11 बजे से
4. बीजेपी की आक्रोश यात्रा जिला स्कूल मैदान से दिन के 11 बजे
5. क्रिसमस गैदरिंग का तीसरा दिन लोयोला ग्राउंड में दोपहर 12 बजे से
6. आपदा प्रबंधन प्राधिकार का मॉक ड्रिल धुर्वा डैम के पास दोपहर 12 बजे से
7. श्रीराम कथा का आयोजन श्रारीम मंदिर, गाड़ीखाना में शाम 6 बजे से

**सूचना:** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### उर्सुलाइन मांटेसेरी स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग

**रांची।** रांची-पुरूलिया रोड स्थित उर्सलाइन मोंटसेरी स्कूल में बुधवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन हुआ, जिसमें नर्सरी से लेकर एलकेजी तक के बच्चों ने क्रिसमस गैदरिंग में भाग लिये. गैदरिंग में बच्चों ने परमेश्वर और चरनी आशीष से कार्यक्रम की शुरूआत की. मुख्य अतिथि कान्वेंट स्कूल के सिस्टर सुपीरियर दोरोथिया कुल्लु शामिल हुए.

### पदाधिकारी व इलेक्शन ऑब्जर्वर प्रतिनियुक्त

**रांची।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने रांची जिला बार एसोसिएशन के चुनाव संपन्न कराने के लिए इलेक्शन ऑब्जर्वर और चुनाव कमेटी के नाम का एलान कर दिया है. चुनाव संपन्न कराने का जिम्मा अजय तिवारी, योगेन्द्र नारायण सिन्हा और अमरेंद्र कुमार झा को दिया है. काउंसिल के सदस्य राधे श्याम गोस्वामी और मृत्युंजय श्रीवास्तव को इलेक्शन ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है. वहीं रांची जिला बार एसोसिएशन की वर्तमान कमेटी को भंग कर दिया गया है.

---

भारत की राजकोषीय नीति और आरबीआई की मौद्रिक नीति से जुड़े सक्रिय कदमों की प्रशंसा की

# अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की आर्थिक सुदृढ़ता और विकास की सराहना की है. मुद्रा कोष ने अपनी वार्षिक आर्टिकल - 4 परामर्श रिपोर्ट में कहा है कि भारत एक 'स्टार परफॉर्मर' के रूप में उभरा है. कोष ने अनुमान जताया है कि भारत वैश्विक विकास में 16 प्रतिशत से अधिक का योगदान देगा.

रिपोर्ट में कहा गया है कि विवेकपूर्ण व्यापक आर्थिक नीतियों की सहायता से भारत इस साल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की राह पर है. वहीं, विकास के लिए ठोस आधार प्रदान करने के क्रम में सरकार द्वारा अवसंरचना में निवेश करने और आवश्यक लॉजिस्टिक्स विकसित करने पर बहुत जोर दिया जा रहा है. इसमें कहा गया है कि सरकार ने कई संरचनात्मक सुधार किए हैं, जिनमें सर्वाधिक प्रमुख सुधार डिजिटलीकरण है.

यह कई वर्षों से विकसित हो रहा है और भारत को भविष्य में बेहतर उत्पादकता और विकास के लिए एक मजबूत प्लेटफॉर्म प्रदान किया है. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चालू वित्त वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है.

**समावेशी विकास में तेजी लाने पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर**



आईएमएफ का कहना है कि यदि व्यापक सुधार लागू किए जाते हैं, तो श्रम और मानव पूंजी के अधिक योगदान के साथ भारत में और भी अधिक विकास की संभावना है. उसने सिफारिश की है कि नीतिगत प्राथमिकताओं में राजकोषीय बफर्स को फिर से मजबूत करने, मूल्य स्थिरता हासिल करने, वित्तीय स्थिरता बनाए रखने और व्यापक संरचनात्मक सुधारों के माध्यम से समावेशी विकास में तेजी लाने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए.

**नीतिगत रेपो दर को 250 अंक बढ़ा कर 6. 5% किया**

आईएमएफ ने आरबीआई की सक्रिय मौद्रिक नीति से जुड़े कदमों और मूल्य स्थिरता के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता की भी सराहना की है. कोष ने इस पर सहमति जताई कि डेटा केंद्रित दृष्टिकोण पर आधारित वर्तमान तटस्थ मौद्रिक नीति का रुख उचित है और उसे धीरे-धीरे मुद्रास्फीति को लक्ष्य पर वापस लाना चाहिए. आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने वैश्विक कमोडिटी कीमतों में उछाल के बाद उच्च मुद्रास्फीति को कम करने के लिए 2022-23 में नीतिगत रेपो दर को 250 आधार अंक बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है.

---

# प्रेम प्रकाश व छवि रंजन की बेल पर हाइकोर्ट में सुनवाई हुई

**संवाददाता। रांची**





चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री करने के आरोपी प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान ईडी के जवाब पर प्रार्थी की ओर से प्रति उत्तर दाखिल किया गया. जिसके बाद अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 29 जनवरी की तिथि निर्धारित की है.

हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की बेंच में प्रेम प्रकाश की बेल पर सुनवाई हुई. वहीं भूमि घोटाले में दूसरे आरोपी निलंबित आईएएस छवि रंजन की दो जमानत याचिकाओं पर भी बुधवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान अदालत ने चेशायर होम जमीन मामले में ईडी को जवाब दाखिल करने निर्देश दिया है. अदालत इस मामले में अगली सुनवाई 19 जनवरी को करेगा.

**खास बातें**

- प्रार्थी प्रेम प्रकाश की ओर से प्रति उत्तर दाखिल किया गया
- छवि रंजन की बेल पर अगली सुनवाई 19 जनवरी को होगी

---

अबुआ वीर अभियान के लिए जिला वनाधिकार कोषांग की बैठक

# पट्टा देने पर विशेष ध्यान दें : डीसी

**संवाददाता। रांची**

झारखंड के जंगलों में निवास करने वाले आदिवासियों एवं अन्य गैर आदिवासी वर्गों को अब नए सिरे से झारखंड सरकार उनका अधिकार देना चाह रही है. अबुआ वीर दिशोम अभियान राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें आदिवासियों व वनों पर निर्भर रहने वाले अन्य सभी लोगों को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन संसाधन वनाधिकार पट्टा मुहैया कराना है.

इसे लेकर डीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारी एवं रांची जिला के सभी सीओ से क्रमवार समीक्षा करते हुए प्रोग्रेस की जानकारी ली. साथ ही निर्देश देते हुए कहा कि आदिवासियों व वनों पर निर्भर रहने वाले अन्य सभी लोगों को व्यक्तिगत व सामुदायिक वन संसाधन वनाधिकार पट्टा मुहैया कराने पर विशेष ध्यान दें. जितने भी इस तरह के दावें आये हैं, उसका निष्पादन कराने की दिशा में कार्य करें.

**ग्राउंड कैडर वीर बंधु का चयन पंचायतवार करें :** डीसी ने बैठक में सभी अंचलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मोबाइल अप्लीकेशन के संचालन के लिए ग्राउंड कैडर वीर बंधु का चयन पंचायतवार कराते हुए पूर्व में प्रत्येक प्रखंड से एक-एक वीर बंधु का नाम अपेक्षित है, इसे पूरा करें. उन्होंने सभी अधिकारी एवं सभी संबंधित अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति का पुनर्गठन एवं ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति का पुनर्गठन कराएं. विशेष रूप से नगड़ी, कांके, बुढ़मू एवं नगड़ी से प्राप्त शेष प्रखंडों से जो अब तक अप्राप्त है., वह यथाशीघ्र ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति का पुनर्गठन कराने को लेकर डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए.



रांची जिला के सभी सीओ के साथ समीक्षा करते डीसी राहुल कुमार सिन्हा.

### "अंचलाधिकारी जिला को उपलब्ध कराएं रिपोर्ट"

डीसी ने अबुआ वीर दिशोम अभियान के सुचारु रूप से क्रियान्वयन के लिये सभी अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि इस तरह के दावे से संबंधित जितने भी आवेदन प्रखंड में आ रहें है, उसकी जानकारी जिला को उपलब्ध कराएं एवं सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम सभा कराएं. इसमें लंबित दावों/अस्वीकृत दावों पर सम्यक विचार कर त्रुटियों का निराकरण करने एवं नए दावों पर सम्यक विचार करने के लिये सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारियों को निर्देश पूर्व में ही दिया जा चुका है.

### वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के दिए निर्देश

डीसी ने निर्देश दिया कि जहां भी वन भूमि पर अतिक्रमण है, उसे अतिक्रमण मुक्त कराएं, ताकि वहां सरकारी योजना के तहत एनओसी लेकर सामुदायिक भवन, शिक्षा, समाज कल्याण से जुड़ी योजना, पेयजल योजना, सामुदायिक पार्क, शौचालय व अन्य सरकारी योजना को स्थापित कराया जा सके.

### सरकार के निर्देश पर ऐप और वेबसाइट बनी

अबुआ वीर दिशोम अभियान में अनुमंडल व जिला स्तर पर वनाधिकार समितियों का गठन किया गया है. यही समितियां वनाधिकार पट्टा के लाभुकों का चयन करेंगी. समिति की अनुशंसा पर कार्य होगा. झारखंड सरकार के निर्देश पर इस अभियान के लिए ऐप व वेबसाइट बनाई गई है. मौके पर परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण रांची सुधीर बाड़ा, जिला कल्याण पदाधिकारी रांची संगीता शरण, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू संदीप अनुराग टोपनो, वन प्रमंडल पदाधिकारी रांची, सहायक वन संरक्षक खूंटी वन प्रमंडल, योजना प्रबंधक मो. साजिद खान एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला के सभी अंचलाधिकारी व संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए.

**अबुआ वीर दिशोम योजना की शुरुआत**

झारखंड के 27 फीसदी भू-भाग पर जंगल है. इसमें विभिन्न जनजातीय समुदाय के लोग निवास करते हैं. जंगल उनके जीवन का एक अहम हिस्सा है. वे जंगलों, जंगली जानवरों व वनस्पति का भी संरक्षण करते हैं. सरकार का मानना है कि जंगलों की रक्षा स्थानीय स्तर पर लोगों को अधिकार देकर किया जा सकता है. इसी सोच को धरातल पर उतारने के लिए अबुआ वीर दिशोम योजना की शुरुआत हुई है.

---

ट्रेड लाइसेंस रिन्यूअल में आ रही परेशानी से चैंबर ने कराया अवगत

# जनवरी में लाइसेंस रिन्यूअल शिविर

**संवाददाता। रांची**

ट्रेड लाइसेंस रिन्यूअल के दौरान होनेवाली परेशानियों के समाधान के लिए बुधवार को चैंबर भवन में राज्य शहरी विकास एजेंसी (सूडा) ने कार्यशाला का आयोजन किया. मौके पर रांची नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त मुकेश कुमार भी उपस्थित थे. सूडा की ओर से पंकज गोयल ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 से प्रॉपर्टी टैक्स का मूल्यांकन सर्किल रेट के आधार पर किया जा रहा है.

झारखंड ही एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां प्रॉपर्टी टैक्स का ऑनलाइन भुगतान करने पर नागरिकों को रिबेट दिया जाता है. इस वर्ष से सीनियर सिटीजन, महिला और दिव्यांग को 5% अतिरिक्त रिबेट के साथ ही जून से पूर्व भुगतान करने पर 5 % अतिरिक्त रिबेट दिया जाएगा. उन्होंने होल्डिंग नंबर लेने की आसान प्रक्रिया से भी अवगत कराया. अधिकारियों ने कहा कि रांची में आईटी पोर्टल अपग्रेड हो रहा है. दो-तीन माह में तकनीकी समस्याएं दूर कर ली जाएंगी. सदस्यों ने इस दौरान रेन वाटर हार्वेस्टिंग से जुडी भ्रांतियों से भी अधिकारियों को अवगत कराया, जिस पर आश्वस्त किया गया कि निगम के पोर्टल पर इससे जुड़े वीडियो और एजेंसी के अधिकारियों के संपर्क नंबर अपलोड कर दिए जाएंगे.

ट्रेड लाइसेंस रिन्यूअल के दौरान व्यापारियों को होनेवाली कठिनाई से चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने अधिकारियों को अवगत कराया. कहा कि दस्तावेज की कमी के कारण लाइसेंस बनाने और रिन्यूअल में हो रही कठिनाइयों का समाधान जरूरी है. लाइसेंस रिन्यूअल के दौरान होल्डिंग की मांग करने से रेंट की दुकान पर व्यापार कर रहे व्यापारियों को कठिनाई होती है, जिसका समाधान जरूरी है. महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि होल्डिंग की अपडेट रसीद की कमी के कारण लाइसेंस रिन्यूअल नहीं करना अनुचित है. उचित होगा कि जीएसटी रजिस्ट्रेशन अथवा बिजली बिल की कॉपी के आधार पर वर्षों से किसी एक जगह पर व्यापार कर रहे व्यापारी के लाइसेंस का रिन्यूअल कर दिया जाए, जिसपर अधिकारियों ने विचार के लिए आश्वस्त करते हुए कहा कि हम मामलों की समीक्षा करेंगे.

अधिकारियों ने यह भी कहा कि पहली बार ट्रेड लाइसेंस बनानेवालों के लिए होल्डिंग टैक्स की कॉपी अनिवार्य नहीं है. सिर्फ रेंट एग्रीमेंट या बिजली बिल की कॉपी देनी है. इस दस्तावेज के आधार पर व्यापारी एकसाथ 10 वर्ष का ट्रेड लाइसेंस ले सकते हैं. होल्डिंग की अपडेट रसीद केवल लाइसेंस रिन्यूअल के दौरान ही देनी है. सह सचिव अमित शर्मा और शैलेष अग्रवाल ने ट्रेड लाइसेंस रिन्यूअल से जुड़ी व्यापारियों की ओर से प्राप्त समस्याओं से भी अधिकारियों को अवगत कराया.

जनवरी माह में सूडा, चैंबर और नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से कैंप का आयोजन कर लाइसेंस रिन्यूअल किया जायेगा. बाजार टांड स्थित दुकानों के किराया से जुड़े विवाद के समाधान के लिए रांची नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त मुकेश कुमार ने विचार के लिए आश्वस्त किया. मौके पर सूडा के अधिकारी नीसार मिन्हाज, चैंबर के कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य साहित्य पवन, संजय अखौरी, नवजोत अलंग, सदस्य प्रमोद चौधरी, आनंद जालान, विकास झाझरिया, शशांक भारद्वाज, एससी जैन, महेंद्र जैन, माला कुजूर, संतोष अग्रवाल, किशन अग्रवाल, संजय बुधिया, अंकिता वर्मा, संजय सिंह, कुलदीप सिंह, हर्ष ठक्कर, शालिनी कुमारी, दिलीप शर्मा, विक्रम तिवारी, दिनेष गुप्ता, सिद्धार्थ जयसवाल, अरूण जोशी, विवेक सहाय, मनीष अग्रवाल समेत कई व्यापारी थे.



**कार्यशाला आयोजित**

- आईटी पोर्टल की तकनीकी समस्याएं जल्द होंगी दूर
- लाइसेंस बनवाने में होल्डिंग टैक्स की कॉपी जरूरी नहीं

---

### कंबल वितरण व अलाव की व्यवस्था की जाए

**रांची।** अगर राज्य में ठंड से कोई गरीब-असहायों की मौत हुई तो उसकी जिम्मेवारी डीसी, एसडीओ और बीडीओ की होगी. उक्त बातें बुधवार को संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड-छत्तीसगढ़ के प्रभारी विजय शंकर नायक ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को (ईमेल पत्र) लिखकर कही है. नायक ने राज्य में चल रहे शीतलहरी को देखते हुए सरकार से युद्ध स्तर पर गरीब असहयों के बीच कंबल वितरण/ चौक-चौराहो पर अलाव की व्यस्था करने की दिशा अविलंब कदम उठाने का अनुरोध किया है. उन्होंने कहा कि इस दिशा में राज्य के सभी डीसी, एसडीओ, बीडीओ, नगर निगम के पदाधिकारी जनहित में आवश्यक कदम उठाएं, अन्यथा अगर राज्य में कही भी ठंड से कोई गरीब असहयों की मौत हुई तो उसकी जिम्मेदारी वहां के डीसी, एसडीओ और बीडीओ एवं नगर निगम के प्रशासक की होगी.



# घूस मामले में डीएसपी समेत पांच पर कार्रवाई

**संवाददाता। रांची**

घूस लेने के मामले में डीएसपी, कंपनी कमांडर समेत चार पर कार्रवाई हुई है. यह मामला चतरा जिला का है, जहां बीते 10 नवंबर को एसीबी ने दो होमगार्ड जवानों को घूस लेते हुए गिरफ्तार किया था. इस मामले में होमगार्ड डीजी अनिल पालटा ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार के मामले में संलिप्त होमगार्ड के जवान अनुज प्रधान और उपेंद्र कुमार दास को तत्काल गृह रक्षा वाहिनी से सेवामुक्त कर दिया है. वहीं होमगार्ड कार्यालय चतरा में पदस्थापित दो कंपनी कमांडर को कार्यालय कार्य में लापरवाही और कनीय कर्मी के भ्रष्टाचार को प्रश्रय देने के आरोप में निलंबित कर दिया है.

साथ ही जिला समादेष्टा, चतरा (मुख्यालय डीएसपी चतरा) के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए प्रपत्र- 'क' गठित कर आगे की कार्रवाई के लिए गृह विभाग, झारखंड सरकार को भेजा जा रहा है. इसमें कहा गया है कि गृह रक्षा वाहिनी और अग्निशमन सेवा निदेशालय, झारखंड भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए विभागीय पदाधिकारी और कर्मी के खिलाफ भ्रष्टाचार के किसी भी आरोप में संलिप्तता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है.

### जानें क्या है मामला

जिला समादेष्टा कार्यालय चतरा की गृह रक्षा वाहिनी के होमगार्ड जवान अनुज प्रधान और उपेंद्र कुमार दास को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हजारीबाग की टीम ने तीन हजार रुपये घूस लेते पकड़ा था. चतरा जिले के वशिष्ठनगर जोरी थाना अंतर्गत ग्राम पोस्तिया निवासी प्रमोद कुमार से आरोपी अनुज प्रधान ने ड्यूटी कमान देने के लिए तीन हजार रिश्वत की मांग की थी. आवेदक की ड्यूटी बिजली ऑफिस चतरा में है. 12 अक्टूबर 2023 को उसकी ड्यूटी क्लोज की गयी. फिर से ड्यूटी करने के लिए प्रमोद कुमार कमान की मांग करने जिला समादेष्टा कार्यालय गये थे.

### सांसदों के निलंबन के खिलाफ इंडी गठबंधन का कल होगा प्रदर्शन

**रांची।** झामुमो ने कहा है कि इंडी गठबंधन की बैठक में लिए गए निर्णय के तहत देश भर में 22 दिसंबर को प्रदर्शन किया जाएगा. इसके तहत झारखंड में भी राजधानी रांची समेत राज्य के हर जिले में गठबंधन के सहयोगी दल प्रदर्शन करेंगे. यह जानकारी झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने दी. उन्होंने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने लोकतंत्र पर करारा हमला किया है. संसद के दोनों सदनों से आश्चर्यजनक रूप से 142 विपक्षी दल के सांसदों को निलंबित कर दिया. केंद्र सरकार का यह घिनौना कृत्य लोकतांत्रित सिद्धांतों और मूल्यों की हत्या है. केंद्र सरकार ने देश के संसदीय लोकतंत्र को कब्रगाह बना दिया है. उन्होंने अपनी पार्टी के सभी जिलाध्यक्षों को निर्देश दिया कि 21 दिसंबर को इंडी गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय करें. साथ ही पूरी प्रतिबद्धता से लोकतंत्र के अपमान के खिलाफ एकसाथ खड़े होकर केंद्र की मोदी सरकार का प्रतिकार करेंगे और आमजनों के बीच संदेश को पहुंचाएंगे.

# विभिन्न योजनाओं के लाभुकों की सूची तैयार करने का निर्देश



**संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में 29 दिसंबर को मोरहाबादी मैदान में आयोजित किए जाने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारी पर बुधवार को समाहरणालय में बैठक हुई. सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम में आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा.

उपायुक्त ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा संचालित राज्यस्तरीय विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जानी है. उन्होंने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे- गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, अबुआ आवास योजना, ग्राम गाड़ी योजना, साइकिल वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, सर्वजन पेंशन योजना आदि के लाभुकों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए है.

बैठक में डीडीसी दिनेश कुमार यादव, आईटीडीए निदेशक सुधीर बाड़ा, डीआरडीए निदेशक रामवृक्ष महतो, जिला नजारत उपसमाहर्ता केवल कृष्ण अग्रवाल, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, डीएसई, डीपीएम जेएसएलपीएस एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी शामिल थे.

### धुर्वा डैम में राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज आज

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में रांची जिले में बाढ़ आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज के संचालन को लेकर अपर समाहर्ता राजेश कुमार बरवार की अध्यक्षता में बैठक हुई. अपर समाहर्ता ने कहा कि गुरुवार को धुर्वा (हटिया) डैम में राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का आयोजन होगा. इसे लेकर संबंधित अधिकारी अपने दिए गए कार्यों व कर्तव्य को पूरा करते हुए इस मॉक ड्रिल का अनुदेशों का पालन करेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि आपदा को लेकर हम कितने तैयार है, आपदा आने पर इससे कैसे निपटा जाए इसके लिए मॉक एक्सरसाइज जरूरी है. इसका मुख्य उद्देश्य ही जिंदगी बचाव है. बैठक में डीटीओ प्रवीण प्रकाश, डीपीआरओ डॉ प्रभात शंकर, सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, डीईओ मिथिलेश केरकेट्टा, कार्यपालक दंडाधिकारी संजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी नगड़ी, पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली रांची, एनडीआरएफ की टीम, बिजली विभाग के पदाधिकारी एवं संबंधित सभी अधिकारी मौजूद थे.

---

**प्रेस वार्ता** मुस्लिम लीग का झारखंड से 40 साल पुराना रिश्ता, चेन्नई में मुख्य कार्यालय

# नेहरू व इस्माइल के मिलने से केरल में बनी थी सरकार

**रेहान अहमद। रांची**

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग देश में अल्पसंख्यक समुदाय की एक बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसका चुनाव चिन्ह सीढ़ी छाप है. हरा चांद तारा झंडा इस पार्टी की पहचान है. इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के वूमेन, यूथ समेत कई विंग हैं. इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता मो. शहाबुद्दीन ने बताया कि पार्टी का मुख्य कार्यालय तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में है.

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के इतिहास की बात की जाए, तो इसके संस्थापक स्व. मो इस्माइल हैं. उन्हें कायदे मिल्लत भी कहा जाता है. संयोगवश पूरे 6 सीट पर पार्टी ने विजय प्राप्त की थी. एक ओर कांग्रेस पार्टी व दूसरी ओर कम्युनिस्ट पार्टी केरल राज्य में सरकार बनाने की दावेदारी पेश कर रही थी. किंतु दोनों ही पार्टियों के पास कुछ सीटों की कमी हो रही थी, जिस कारण वह सरकार नहीं बन पा रही थी. ऐसी स्थिति में तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने मो इस्माइल से मिलकर इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को अपने समर्थन में तैयार किया. तब जाकर केरल में कांग्रेस व मुस्लिम लीग की सरकार बनी थी.



### बंगाल से बाबा साहेब को सांसद बनाया था

1950 में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान को तैयार किया था. यह बात सभी नहीं जानते हैं कि मुस्लिम लीग ने ही बंगाल से अपनी संसदीय सीट से बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को लोकसभा सांसद बनाकर भेजा था. तभी वह देश के लिए ऐतिहासिक काम कर पाए.

### 2013 से लीग को आगे ले जा रहे मो शहाबुद्दीन

झारखंड राज्य में पार्टी का इतिहास 40 साल पुराना है. बिहार से झारखंड राज्य अलग होने से कुछ पहले और कुछ सालों तक बेचू मियां ने लीग की कमान संभाली. वहीं, वर्ष 2013 में पार्टी में मो शहाबुद्दीन ने सदस्यता ली और प्रदेश प्रवक्ता की हैसियत से काम शुरू किया, जो आज भी कायम है.

### पार्टी से जुड़ कर किया बेहतर कार्य

कुछ लोगों ने पार्टी से जुड़कर पार्टी के लिए बेहतर कार्य किए. इनमें साजिद आलम, इरफान खान, शहजादी खातून, शानुल हक, तबारक हुसैन, तबरेज अहमद, अंजनी कुमार सिन्हा, कृष्ण सिंह, डॉ नसीरुद्दीन उमरी, आबिद अख्तर, आफताब खान, इम्तियाज हुसैन, इंजीनियर फारूक आजम आदि शामिल हैं.

### मंत्री चंपई सोरेन से मिले आदिवासी सेना के सदस्य



**रांची।** झारखंड के आदिवासियों के सरना, जतरा भवन, मसना की लंबित मामला को लेकर बुधवार को आदिवासी सेना के प्रतिनिधियों ने कल्याण मंत्री चंपई सोरेन के आवास पर मुलाकात की. इस दौरान उन्हें पुष्प देकर सम्मानित किया. मौके पर आदिवासी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अजय कच्छप ने कहा कि झारखंड में लंबे समय से आदिवासियों के सरना, मसना की बाउंड्री समेत सामाजिक स्थल का कार्य लंबित है. इस पर जल्द कारवाई की जाए. मौके पर रांची सचिव सुमन लोहरा, उपाध्यक्ष मानु तिग्गा,पड़हा राजा सुखदास मुंडा, मंटु मुंडा, रंजन रवि, पंकज मुंडा समेत अन्य शामिल थे.

# हिमालय से आ रही ठंडी हवा का प्रभाव झारखंड में बढ़ा

**संवाददाता। रांची**

पश्चिमी व इससे सटे उत्तरी भाग में शीत लहर चलने की वजह से ठंड व सिहरन के एहसास में तेजी से बढ़त हो रही है. झारखंड राज्य में हिमालय से आ रही ठंडी हवा से कड़ाके की ठंड का एहसास तेजी से करीब आ रहा है. बुधवार को रांची का न्युनतम तापमान 9.4 डिग्री, जमशेदपुर का 11.4 डिग्री, सब से कम गढ़वा का न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री, रामगढ़ का 7.4 डिग्री रिकार्ड किया गया है.

### आज का मौसम

गुरुवार 21 दिसंबर को रांची का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री, अधिकतम तापमान 21 डिग्री रिकार्ड किये जाने के आसार हैं. मौसम केंद्र रांची

### गढ़वा का न्यूनतम पारा 7.2 डिग्री जा पहुंचा



| शहर | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| रांची | 9.4 | 21.2 |
| जमशेदपूर | 11.4 | 24.3 |
| डालटेनगंज | 7.9 | 24.6 |
| बोकारो | 8.2 | 21.5 |
| चाईबासा | 9.2 | 26.4 |
| देवघर | 11.2 | 23.8 |
| गिरिडीह | 10.9 | 22.1 |
| गढ़वा | 7.2 | 22.8 |
| रामगढ़ | 7.4 | 22.1 |
| गोड्डा | 19.4 | 22.6 |

**ब्रीफ खबरें**

### पूजा समितियों ने कृष्ण मोहन को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** हटिया रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति और संकटमोचन रामनवमी पूजा समिति के प्रधान कार्यालय में बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर स्व कृष्णमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी. समिति के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रख, दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. समिति के सचिव इंदरजीत सिंह, नंदन यादव, चंदन यादव, आकाश, सुधीर बाबा आदि शोकसभा में शामिल थे.

### पत्रकार को मातृ शोक

**रांची।** पत्रकार सुनील चौधरी की माता लक्ष्मी देवी (85) का बुधवार को शहर के निजी अस्पताल में



निधन हो गया. उन्हें ठंड लगने के कारण भर्ती कराया गया था. अस्पताल में ही निमोनिया अटैक की वजह से निधन हो गया. वे अपने पीछे चार पुत्र व तीन पुत्री का भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी हैं. गुरुवार को हरमू मुक्तिधाम में दिन के 11 बजे उनका अंतिम संस्कार होगा. न्यू मधुकम रोड नं 3 स्थित आवास से अंतिम यात्रा निकलेगी.

### रांची के बालाजी मंदिर में सहस्त्रनाम अर्चना आज से

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बालाजी मंदिर में गुरुवार से चार दिनी श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना का खास आयोजन किया जा रहा है. दैनिक पूजन-आरती के बाद अर्चनानुष्ठान प्रारंभ होगा. श्रद्धालु सुबह से देर शाम तक चार पाली में अर्चना करेंगे. मंदिर के रंजन सिंह ने बताया कि इच्छुक सुबह आठ, दस, शाम साढ़े चार और छह बजे से अर्चना कर सकेंगे. उन्होंने बताया कि बैकुंठ एकादशी 23 दिसंबर को है. माना जाता है कि बैकुंठ का द्वार इस दिन खुलता है.

### गुरुनानक स्कूल में 12वीं के स्टूडेंट्स की काउंसलिंग

**रांची।** पीपी कंपाउंड स्थित गुरुनानक हायर सेकेंडरी स्कूल में विश्वविद्यालय एक्सपोजर कार्यक्रम के तहत 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स की काउंसलिंग किया गया. कार्यक्रम में लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय और एचकेबीके संस्थान के प्रोफेसर ने स्टूडेंट्स के कई सवालों के जवाब दिए. बोर्ड परीक्षा के बाद अपनी रुचि के अनुसार नए पाठ्यक्रमों को चुनने में सही निर्णय लेने के उद्देश्य से छात्रों का मार्गदर्शन किया गया.

### 24 की शाम मोहम्मद रफी के नाम, जुटेंगे कई गायक

**रांची।** सदी के महान गायक मोहम्मद रफी का 24 दिसंबर को जन्मदिन है. जन्मदिन को लेकर मेरी आवाज मेरी पहचान की बैठक मारवाड़ी भवन में बुधवार को हुई, जिसमें तैयारी पर चर्चा हुई. मो. रफी की जंयती पर 24 दिसंबर की दोपहर 3 बजे चैंबर भवन में कार्यक्रम किया जाएगा. कई सदस्यों को एक शाम मोहम्मद रफी के नाम कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गई है. मौके पर नए सदस्यों ने सदस्यता भी ली है. मौके पर कई गायक-संगीतकार जुटेंगे.

### इजराइल व फिलस्तीन के बीच युद्ध विराम हो : महिला संगठन

**रांची।** इजरायल और फिलिस्तीन के बीच पांच महीने से युद्ध चल रहा है. इजरायल की ओर से फिलिस्तीन के स्कूल कॉलेज पर बम बरसाया जा रहा है. बुधवार को विभिन्न महिला संगठनों ने रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शन कर विरोध जताया. विश्व की सरकारों से अपील किया कि दोनों देशों के बीच हो रहे युद्ध को रोका जाए.

**क्रिसमस :** 24 दिसंबर से 6 जनवरी तक रांची के गिरजाघरों में होंगे विशेष कार्यक्रम

# चर्चों में चल रही क्रिसमस की तैयारियां

संवाददाता। रांची



क्रिसमस को लेकर चर्चों ने कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया.

क्रिसमस को लेकर रांची के चर्च सीएनआई चर्च, एनडब्ल्यू जीईएल चर्च और जीईएल चर्च में तैयारी का अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं. 25 दिसम्बर को रांची में हर्षोल्लास से क्रिसमस पर्व मनाया जाएगा. इसको लेकर सभी चर्च में अलग अलग समय सारणी जारी किये हैं. 24 दिसम्बर से लेकर 6 जनवरी तक जीईएल चर्च और सीएनआई चर्च में विशेष कार्यक्रम किया जाएगा. इसके लिए सभी चर्च के लोगों ने तारीख घोषित कर दी है.

**जीईएल चर्च :** जीईएल चर्च में 24 दिसम्बर को रात ख्रीस्त गिरजार घर में पुण्य रात मनाया जाएगा, जिसमें पहली आराधना शाम 4 बजे रेव्ह निशांत गुड़िया और उपदेशक रेव्ह एजे भेंगरा के नेतृत्व में होगी. 25 दिसम्बर को यीशु मसीह का जन्म पर्व मनाया जाएगा. सुबह 6 बजे युथ सर्विस होगी, जिसमें रेव्ह ममता बिलूंग लोगो से विनती कराएगी और उपदेश रेव्ह प्रमोद चंद लकड़ा देंगे. 31 दिसम्बर को गिरजाघर में पवित्र भोज कार्यक्रम शाम 4 बजे से होगा.एक जनवरी को मसीही समुदाय द्वारा प्रमेश्वर को धन्यवाद देंगे. 6 जनवरी को ख्रीस्त गिरजा घर में इपिफानियस पर्व मनाया जाएगा.

**संत पॉल्स महोपासनालय रांची पेरिस :** बहूबाजार स्थित सीएनआई चर्च में 24 दिसम्बर को शाम पांच बजे यीशु मसीह का स्तुति गान एवं कैरोल सर्विस कार्यक्रम होगा, जिसमें पहला पाठ पुरोहित डेविड और सहायक पुरोहित एस भुइयां विश्वासियों को यीशु मसीह से जुड़ी विनती करायेंगे. रात 11.30 बजे यीशु मसीह का प्रभु भोज होगा, जिसका मुख्य अनुष्ठक बिशप बीबी बास्के होंगे. 25 दिसम्बर को ख्रीस्त जन्मोत्सव की विनती सुबह 6.15 बजे की जाएगी, जिसका मुख्य अनुष्ठक पुरोहित. डेविड और जे.कुजूर होंगे. 31 दिसम्बर को प्रभु भोज की आराधना रात 11.30 बजे की जाएगी.

**रांची हेडक्वार्टर मंडली नॉर्थ वेस्टर्न जीईएल चर्च :** रांची हेडक्वार्टर मण्डली नॉर्थ वेस्टर्न जीईएल चर्च में 24 दिसम्बर को चौथा अडवेंट काल मनाया जाएगा. पहली आराधना सुबह 8.30 बजे रेव्ह शशि मिंज और उपदेशक रेव्ह सलमोन एक्का करायेंगे. 25 को यीशु मसीह की पहली आराधना रेव्ह यीशु नासरी मिंज द्वारा सुबह 8.30 होगा. एक जनवरी को सुबह 10 बजे पवित्र भोज का कार्यक्रम होगा.जिसका उपदेशक आर्च बिशप राजीव सतीश टोप्पो होंगे. 6 जनवरी को यीशु मसीह का बपतिस्मा दिवस मनाया जाएगा.

**कडरू गिरजाघर :** कडरू गिरजा में शाम 5.30 बजे परमेश्वर का आराधना और उपदेशक ममता बिलूंग होगें.25 दिसम्बर को सुबह 7 बजे रेव्ह बेंजामिन टोपनो द्वारा परमेश्वर का विनती और उपदेशक होगें.एक जनवरी को सुबह सात बजे पवित्र प्रभु भोज कार्यक्रम होगा.6 जनवरी को शाम 5 बजे विश्वासियो को यीशु मसीह का उपदेशक रेव्ह बेंजामीन टोपनो होंगे.

**सामलौंग गिरजाघर :** सामलौंग गिरजाघर में शाम 5..30 बजे रेव्ह बेंजामीन टोपनो उपदेश देंगे. 6 जनवरी को शाम 5 बजे परमेश्वर की आराधना और यीशु मसीह की योजना को लोगों को सुनाया जाएगा.

### बिशप हाउस में बन रही है रांची की सबसे बड़ी चरनी

मसीही समुदाय में क्रिसमस पर्व को लेकर काफी उत्साहित हैं. प्रत्येक गली-मुहल्लों, चर्च समेत बिशप हाउस में चरनी को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं. पुरुलिया रोड स्थित रांची धर्माध्यक्ष केंद्र बिशप हाउस के मुख्य द्वार के सामने विशाल चरनी बनायी जा रही है, जिसमें पहाड़-पर्वत, नदी-नाला का स्वरूप दिखाने का प्रयास किया जा रहा है, जहां छोटे छोटे घर बनाये जा रहे हैं. जिसे गांव का स्वरूप दिखाने का प्रयास हो रहा है. चरनी में बालक यीशु और माता मरियम जोसेफ की मूर्ति रखी जाएगी.

### साकारात्मक रूप से प्रेरित करने आये यीशु : फा. दीपक



**रांची ।** रांची के पुरुलिया रोड स्थित संत जॉन इंग्लिश मीडियम स्कूल में क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन किया गाया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में (बरियातू में डॉन बॉस्को यूथ सेंटर के निदेशक) रेव्य फादर दीपक किंडो एटीसी, नामकुम के सहायक निदेशक फादर सुबोध लकड़ा, रांची के पल्ली के पुरोहित फादर डेविड आनंद खलखो थे. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा क्रिसमस कैंडल जला कर की गई.

### क्रिसमस मेले में उमड़ी लोगों की भीड़



**रांची।** रांची के लोयोला ग्राउंड में आयोजित क्रिसमस गैदरिंग एवं चार दिवसीय मेले के दूसरे दिन लोगों को भीड़ देखने मेले में जाने की इंट्री फीस 30 रुपये प्रति व्यक्ति रखी गई हैं. साथ ही पार्किंग के लिए संत अलॉइस स्कूल में रखी गई हैं. मेले में 92 स्टॉल लगे हैं, जिनमें से 72 स्टॉल की भीड़ उमड़ पड़ी. मेले में आदिवासियों द्वारा लगाये गये हैं, जिनमें खाने-पीने की चीजें जैसे पिज्जा, बर्गर, मोमो, ढोसा रखे गये हैं.

### सीएनआई के पुरोहितों का क्रिसमस मिलन समारोह

**रांची।** रांची के बहूबाजार स्थित एचपीडीसी हॉल में सीएनआई (चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया) के पुरोहितों ने बुधवार को क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राइट रेव्ह बीबी बास्के थे. ओपनिंग प्रेयर रिवर अनिल कुमार दहंगा, स्वागत वाइस प्रेसिडेंट ऑफ़ डाइजेशन सिकंदर नाग द्वारा किया गया. इस मौके पर रांची राउरकेला, मनोहरपुर एवं अन्य नौ जिलों के सीएनआई चर्च के पुरोहित शामिल हुए. कार्यक्रम में मंच का संचालन सिकंदर नाग कर रहे थे.

**न्यूज अपडेट**

### जैन तीर्थस्थल की यात्रा कर लौटीं बुजुर्ग महिलाएं

**रांची ।** दिगंबर जैन समाज की 70 बुजुर्ग महिलाओं को यात्रा का सौभाग्य प्राप्त हुआ. जैन महिला जागृति की ओर से सभी को चंपानगर, भागलपुर और मंदार गिरि तिर्थस्थली के दर्शन कराया गया. दो दिनी यात्रा के बाद बुधवार को सभी हर्ष के साथ लौटी. अध्यक्ष मोनिका ठोलिया ने बताया कि इनमें 26 यात्रियों को निःशुल्क सेवा प्रदान की गयी. यात्रा के दौरान कई मनोरंजक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये. उन्होंने बताया कि भागलपुर जैन समाज ने सभी का सम्मान किया.



### श्रीकृष्ण प्रणामी ट्रस्ट कराएगा 151 जोड़ों का विवाह

**रांची ।** श्रीकृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट सात जनवरी को 151 जोड़ों का आदर्श विवाह करायेगा. साथ ही छह जनवरी से श्रीमद्भागवत कथा संग 37वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनायेगा. उक्त निर्णय बुधवार को विद्यादेवी अग्रवाल के हरमू रोड स्थित निवास में ट्रस्ट की हुई बैठक में लिया गया. राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल राजू ने बताया कि संस्था के निर्माणाधीन श्रीकृष्णा प्रणामी मंदिर,पुंदाग में इसका आयोजन किया जा रहा है. यहां प्रसिद्ध संत सदानंद जी श्रद्धालुओं को नौ जनवरी तक कथारस का पान कराएंगे.



### मंदिरों में 22 जनवरी को की जाएगी विशेष पूजा

**रांची ।** अयोध्या में राम लला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर 22 जनवरी को राजधानी के सभी मंदिरों की आकर्षक साज-सज्जा कर पूजा-अर्चना की जाएगी. साथ ही दीपोत्सव मनाया जाएगा. उक्त निर्णय बुधवार को विभिन्न धार्मिक और पूजा समितियों की हुई बैठक में लिया गया. साथ ही मौके पर दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों को इस वर्ष ओसीसी दुर्गापूजा समिति, श्रीश्री दुर्गापूजा समिति सिन्द्रोल, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति अपर हटिया के साथ विधि-व्यवस्था के लिए युवा दस्ता के पदाधिकारी को मोमेंटो भेंट कर सम्मान दिया गया.



### मांडर कॉलेज के प्राचार्य का आजसू ने किया घेराव

**रांची ।** मांडर कॉलेज में 54 छात्रों का परीक्षा में फेल हो जाने के बाद आजसू छात्र संघ के रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में मांडर कॉलेज के प्रिंसिपल का घेराव किया. अभिषेक शुक्ला ने कहा कि कॉलेज के परीक्षा विभाग के द्वारा कुछ विषयों में बिना इंटरनल एग्जाम लिए ही छात्रों को फेल कर दिया गया है. कॉलेज के और विश्वविद्यालय के लापरवाही के कारण हुई है. इसमें छात्रों का कोई दोष नहीं है. उन्होंने आगे कहा कि आजसू के विरोध के बाद कॉलेज के प्राचार्य इंद्राणी कुमारी ने इंटरनल परीक्षा के नोटिफिकेशन जारी कर दिया. 22 दिसंबर को इंटरनल परीक्षा ली जाएगी.



### विज्ञापन उत्पादों की बिक्री का सर्वोत्तम माध्यम : डॉ. पांडेय

**रांची ।** संत ज़ेवियर्स कॉलेज, रांची के हिन्दी साहित्य परिषद के तत्वावधान में बुधवार को एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया. विषय था- "विज्ञापन का वर्तमान परिदृश्य और हम". गोष्ठी में स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही. गोष्ठी के मुख्य अतिथि थे रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. जंग बहादुर पांडेय. कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश पांडेय ने स्वागत वक्तव्य दिया और मुख्य अतिथि को पुष्प,अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया. मुख्य अतिथि ने विज्ञापन पर संक्षिप्त एवं सारगर्भित व्याख्यान दिया और विज्ञापन की भूमिका, उपयोगिता, सार्थकता एवं महत्ता का रेखांकन किया. उन्होंने कहा कि विज्ञापन आज के युग में उत्पादित वस्तुओं को बेचने का सर्वोत्तम माध्यम है.



### बासुदेब चटर्जी की चौथी पुण्यतिथि पर कंबल का वितरण

रांची। मंगल बाजार सिदरौल नामकुम में बुधवार को बासुदेब चटर्जी स्मृति फाउंडेशन द्वारा बासुदेब चटर्जी की चौथी पुण्यतिथि पर सैंकड़ों गरीबों के बीच कम्बल एवं भोजन का वितरण किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ईचागढ़ की विधायक सविता महतो एवं खिजरी विधायक राजेश कच्छप शामिल हुए. फाउंडेशन के अध्यक्ष राजीव चटर्जी ने फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला.कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सतीश पाल मूंजनी, पूर्व पार्षद अरुण झा, ओमप्रकाश, पूर्व सरपंच टाटी पंचायत शैलेश मिश्रा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीरू साहू , फेडरेशन झारखंड चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के कार्यसमिति सदस्य नोवजोत सिंह रूबल आदि का प्रमुख योगदान रहा.



### फार्मेसी की वार्षिक थ्योरी परीक्षा 20 से 29 तक

**रांची।** डिप्लोमा इन फार्मेसी परीक्षा समिति, झारखंड की ओर से राज्य में डिप्लोमा इन फार्मेसी वार्षिक थ्योरी परीक्षा- 2023 20 से 29 दिसंबर तक (25 दिसंबर को छोड़कर) पहली पाली में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक होगी. द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक वाईबीएन यूनिवर्सिटी, राजाउलातु, नामकुम स्थित परीक्षा केंद्र पर होगी. परीक्षा केंद्र पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा व विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपायुक्त सह जिला दंधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है. परीक्षा केंद्र के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा 20 से 29 दिसंबर तक (25 दिसंबर छोड़कर) सुबह 6 बजे से संध्या 7 बजे तक प्रभावी रहेगी. ऐसे में 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना, किसी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र आदि लेकर चलना, किसी प्रकार का हरवे हथियार लेकर चलना, किसी प्रकार की बैठक या आमसभा का आयोजन करना प्रतिबंधित रहेगा.

## आचरण बिन ज्ञान निरर्थक : विमलेश



संवाददाता । रांची

आचरण के अभाव में ज्ञान निरर्थक है. चाहे आप जितना भी ज्ञान हासिल कर ले, लेकिन यदि उसे आचरण में न उतारे तो वह बेकार है. संसार में ज्ञान प्राप्त कर कैसे मर्यादित जीवन व्यतीत करें, श्रीराम का जीवन दर्शन हमें यही सिखाता है. उक्त बातें बुधवार को आचार्य विमलेश दास ने कही. वे द्वारिकाधीश धाम श्रीराम मंदिर, गाड़ीखाना में उपस्थित श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वचन प्रदान कर रहे थे. यहां नौ दिनी श्रीराम कथा का खास आयोजन किया गया है. कथा के चौथे दिन उन्होंने मर्यादापुरुषोत्तम के नामकरण और विश्वामित्र द्वारा यज्ञ की सुरक्षा के लिए राम लला को राजा दशरथ से मांग कर ले जाने की घटना का सुंदर चित्रण अपने प्रवचन और भजन के माध्यम से किया.

साथ ही भक्ति और ज्ञान की बातें बताते हुए कहा कि श्रीराम ने मातृ देवो भव और पितृ देवो भव सिर्फ कह कर नहीं, करके दिखाया. कथा दिन के तीन से शाम छह बजे तक चली. अंत में महंथ अमर दास संग श्रद्धालुओं ने आरती उतारी. सभी के बीच प्रसाद बांटा गया. इससे पूर्व सुबह नौ बजे श्रीराम कथा के तहत गणपति गौरी आदि का पूजन और नवाह्न पाठ किया गया. अमरदास जी ने बताया कि कथा 25 दिसंबर तक चलेगी. 26 दिसंबर को हवन और भंडारा के साथ इसका समापन होगा.

## आरयू के साथ काम के लिए उत्साहित हूं : डॉ. एंड्रयू

संवाददाता । रांची



ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर डॉ. एंड्रयू फ्लेमिंग बुधवार को रांची विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन पहुंचे. यहां आरयू के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने उनका स्वागत किया. इस दौरान विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे. डॉ. एंड्रयू फ्लेमिंग ने विश्वविद्यालय के छात्रों से भी मुलाकात की. कुलपति अजीत सिन्हा ने डॉ. एंड्रयू से बातचीत में कहा कि हम आशा करते हैं कि हमारे इंटरडिसिप्लीनरी और मल्टीडिसिप्लीननरी रिसर्च के लिये ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों के साथ एमोयू करने और इंटरेक्शन साझा करने में ब्रिटिश हाई कमीशन महत्वपूर्ण रोल निभायेगा.

**एंड्रयू ने कहा- झारखंड आकर खुशी मिल रही हैं :** एंड्रयू फ्लेमिंग ने कहा कि झारखंड सरकार और यहां के मुख्यमंत्री के प्रयास से हमने एक एमओयू किया है. जिसके तहत प्रतिवर्ष झारखंड के पांच आदिवासी छात्र ब्रिटेन जाकर फेलोशिप और रिसर्च का लाभ उठा सकते हैं. डॉ. एंड्रयू फ्लेमिंग ने एमओयू को लेकर कहा कि हम रांची विश्वविद्यालय के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं. कहा कि मैंने भारत में 19 राज्यों का भ्रमण किया है और अब झारखंड आकर यहां के पारंपरिक स्वागत से मुझे बहुत खुशी हो रही है. डॉ एंड्रयू फ्लेमिंग ने मॉस कॉम, अंग्रेजी और मैनेजमेंट के छात्रों और आरयू के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ इंट्रेक्टिव सत्र में भाग लिया और छात्रों से सवाल-जवाब करने के साथ अपने अनुभवों को साझा किया. उन्होंने रांची विश्वविद्यालय में टीआरएल विभाग और यहां हो रही नौ जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई की सराहना की. इसके बाद उन्होंने साइबर पीस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विभाग को भी देखा. बता दें कि ब्रिटिश हाई कमीशन हर साल भारतीय छात्रों के लिए स्कॉलरशिप और फेलोशिप प्रोग्राम चलाता है.,जिसमें दो वर्ष अनुभव रखने वाले यहां के मेधावी छात्र लाभ उठा सकते हैं.

**खास बातें**

- ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर डॉ. एंड्रयू फ्लेमिंग पहुंचे रांची
- रांची विवि के छात्रों से मिले कुलपति ने किया स्वागत

# सृजन और संघर्ष से बनता है आदिवासी साहित्य का सौंदर्य : रवि भूषण

## जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किताब उत्सव का तीसरा दिन

संवाददाता। रांची



किताब उत्सव में तीसरे दिन का पहला सत्र 'हमारा झारखंड हमारा गौरव' झारखंड की विचारक-कथाकार एलिस एक्का पर केंद्रित रहा. इस सत्र में आदिवासी विमर्श की चिंतक वन्दना टेटे ने उनके जीवन और व्यक्तित्व पर वक्तव्य दिया. वंदना ने कहा कि एलिस एक्का ने न सिर्फ साहित्य, बल्कि विविध क्षेत्रों में काम किया. उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था. एलिस को पढ़ते हुए मुझे बहुत सहजता महसूस होती है. आदिवासियों की खास बात होती है कि वे एकसाथ कई भाषाएं जानते हैं. एलिस भी कई भाषाएं जानती हैं. उनकी कहानियां सिर्फ महिला प्रधान नहीं हैं, बल्कि उनमें समाज में मौजूद भेदभाव भी लक्षित होते हैं. दूसरा सत्र मनोज भक्त के उपन्यास 'शाल डूंगरी का घायल सपना' पर केंद्रित रहा. इस सत्र में मनोज भक्त, साहित्यकार पंकज मित्र, सावित्री बड़ाइक और विनोद कुमार सिंह ने उपन्यास पर अपना वक्तव्य रखा. इस सत्र में डॉ. राम दयाल मुंडा जनजातीय शोध कल्याण संस्थान के निदेशक रणेन्द्र ने सबका स्वागत करते हुए कहा कि साहित्यिक रचनाओं में एक इतिहास छिपा रहता है. उन्होंने 'शाल डूंगरी का घायल सपना' किताब के बारे में बताया कि इस उपन्यास में झारखंड बनने के बाद की राजनीति की कटु सच्चाइयों को उपन्यास के रूप में सजीव चित्रण किया गया है.

मनोज भक्त ने बताया कि वो उनके गांव के आसपास आदिवासी समाज के खिलाफ जो जुल्म और सितम ढाए जा रहे थे. उन घटनाओं को कहानी के माध्यम से सामने लाने का प्रयास किया है. सावित्री बड़ाइक ने इस उपन्यास की चर्चा करते हुए कहा कि इसे पढ़ते वक्त उन्हें इनके किरदारों में सिमडेगा और गुमला की हर रोज मानव तस्करी की जा रही बच्चियों की झलक दिखाई पड़ती है. पंकज मित्र ने कहा कि इस उपन्यास में राजनीति के घात प्रतिघात को हॉकी खेलती हुई लड़कियों के जरिए बयान किया गया है. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि "शाल डूंगरी का घायल सपना" उपन्यास झारखंड बनने के सुनहरे ख्वाब और बनने के बाद की काली सच्चाइयों के द्वंद को दर्शाता है. अगला सत्र 'आदिवासी साहित्य का सौंदर्यशास्त्र' विषय पर केंद्रित रहा. इस सत्र में वन्दना टेटे, जिंदर सिंह, पार्वती तिर्की और रवि भूषण ने विषय पर वक्तव्य रखा. पार्वती तिर्की ने कहा कि झारखंड के लोकगीत आदिवासी साहित्य के सौंदर्यशास्त्र के सबसे मजबूत स्तंभ हैं. वंदना टेटे ने बताया कि आदिवासी शास्त्र से संचालित नहीं होते। आदिवासी समुदाय का मानना है कि इस सृष्टि में कुछ भी असुंदर नहीं है, कुछ भी अस्वीकार्य नहीं है. आदिवासी साहित्य में सौंदर्य सिर्फ जल जंगल जमीन नहीं बल्कि यहां की करुणा पीड़ा प्रतिरोध और उनके जीवन संघर्ष भी सौंदर्य है.

### आज के कार्यक्रम

किताब उत्सव में कल 21 दिसंबर को पहले सत्र 'हमारा झारखंड हमारा गौरव' में डॉ. रामदयाल मुण्डा को याद किया जाएगा. दूसरे सत्र में आदिवासी कथावाचन परम्परा विषय पर बातचीत होगी. वहीं तीसरे सत्र में आदिवासी लोकगीतों की परम्परा और आधुनिक काव्य संवेदना विषय पर चर्चा होगी.

# बीएयू से डॉ सुनील चंद्र ने की थी कॅरियर की शुरुआत

रजनीश प्रसाद। रांची

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के नए कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे का जन्म 1963 में गोरखपुर में हुआ था. उन्होंने स्लूल से कॉलेज तक की पढ़ाई गोरखपुर से की थी. उसके बाद चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर से बीएससी (कृषि), एमएससी (पौधा रोग) और पीएचडी (पौधा रोग) की डिग्री ली. एक वैज्ञानिक के रूप में अपने करियर की शुरुआत उन्होंने वर्ष 1989 में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची से की. उस वक्त यहां सहायक प्राध्यापक सह कनीय वैज्ञानिक नियुक्ति हुए. वर्ष 1998 में एसोसिएट प्रोफेसर सह वरीय वैज्ञानिक पद पर प्रोन्नत हुए और वर्ष 2006 तक बीएयू में कार्यरत रहे. वर्ष 2006 में वे प्रधान वैज्ञानिक के रूप में नियुक्त होकर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली चले गए और 2014 तक इस पद पर रहे.



अब संभालेंगे कुलपति का पदभार

2014 में वहां प्लांट क्वॉरेंटाइन विभाग के हेड नियुक्त हुए और 7 वर्षों तक इस पद पर रहे. कुछ समय के लिए आईसीएआर के राष्ट्रीय पौधा अनुवंशिकी संसाधन ब्यूरो, नई दिल्ली के कार्यकारी निदेशक भी रहे. वर्ष 2021 में सीधी भर्ती द्वारा आईसीएआर के सहायक महानिदेशक (पौधा संरक्षण व बायोसेफ्टी ) नियुक्त हुए. पौधा और कवक रोगों का प्रबंधन और निदान उनके शोध का प्रमुख क्षेत्र रहा है. बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में कार्य करते हुए उन्हें वर्ष 1998 का यंग साइंटिस्ट अवार्ड मिला. बाद में केपीवी मेनन बेस्ट पोस्टर पेपर अवार्ड, दस्तूर मेमोरियल लेक्चर अवार्ड और नेशनल साइंस अकादमी फेलोशिप से भी उन्हें नवाजा गया. वह जर्नल ऑफ बायोसाइंस डिस्कवरी की सलाहकार समिति के सदस्य, इंडियन फाइटोपैथोलॉजी जर्नल के वरिष्ठ संपादक, जर्नल ऑफ माइकोलॉजी और प्लांट पैथोलॉजी के संपादक, प्लांट डिजीज रिसर्च जर्नल व एनल्स ऑफ प्लांट प्रोटेक्शन साइंसेज के संपादक मंडल के सदस्य रह चुके हैं.

डॉ दुबे इंडियन सोसाइटी ऑफ प्लांट पैथोलॉजिस्ट के अध्यक्ष, इंडियन फाइटोपैथोलॉजिकल सोसाइटी के संयुक्त सचिव और बीएयू जर्नल ऑफ रिसर्च के कोषाध्यक्ष के रूप में भी लंबे अरसे तक काम कर चुके हैं. वर्तमान में डॉ सुनील दुबे नेशनल एकेडमी ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज, तमिलनाडु इंडियन सोसाइटी ऑफ माइकोलॉजी एंड प्लांट पैथोलॉजी, उदयपुर और इंडियन फाइटो पैथोलॉजिकल सोसाइटी नई दिल्ली के फेलो हैं.

## फुटबॉल प्रतियोगिता : दोनों वर्गों में रांची जोनल चैंपियन

खेल संवाददाता। रांची

झारखंड खेल विभाग के तत्वाधान में आयोजित जोनल स्तरीय पुरुष-महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का समापन बुधवार को हुआ. समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ. पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में रांची ने लोहरदगा को पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर विजेता बना. वहीं महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में रांची उपविजेता ने रांची विजेता को संघर्षपूर्ण मैच में 1-0 से हराकर जोनल चैंपियन बना. समापन समारोह के अवसर पर स्वागत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ओरमांझी की छात्राओं ने स्वागत बैंड डिस्प्ले कर किया. स्कूल आफ योगा, रांची विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं और ठाकुरगांव की अनाथालय की बालिकाओं ने योग का शानदार प्रदर्शन किया. समापन समारोह के मुख्य अतिथि रांची डीडीसी दिनेश यादव, विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रशिक्षक सह हॉकी ऑफ़ इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, साझा के उपनिदेशक राज किशोर खाखा व खेल विभाग के अवर सचिव राजेश तिवारी ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया.



## ब्रीफ खबरें

### बरगांवा में अयोध्या से पहुंचा अक्षत व कलश

**नामकुम।** प्रखंड के बरगांवा में अयोध्या से आये हुए अक्षत व कलश का चाणक्य नगर मे अवस्थित विभिन्न मंदिरों मे श्रधालुओ के साथ नगर भ्रमण किया. नगर भ्रमण नेतृत्व कार्यकर्ता पिछले तीन दिनों से कर रहें है. विहिप के पंकज तिवारी,शंकर सिंह,अरुण झा व सदाबहार चौक मन्दिर से कालीनगर से चाय बागान, जोड़ा मन्दिर पहुंचा. नगर भ्रमण का नेतृत्व मनोज कुमार सिंह व बिनोद सिंह के नेतृत्व में जोड़ा मन्दिर से शिवेश्वर् हनुमान मन्दिर बरगावां, अक्षत कलश को लाया गया.

### गूंज महोत्सव में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली स्टेडियम परिसर में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सिल्ली सामुदायिक अस्पताल, सिंगपुर नर्सिंग होम एवं सैमफोड अस्पताल रांची के द्वारा किया गया. शिविर में सिल्ली समुदायिक अस्पताल के डॉ मोना आनंद ने 150 लोगों का जांच किया तथा सिंगपुर नर्सिंग होम के संचालक डॉ रामनरेश प्रसाद द्वारा शुगर, बीपी, टीवी एवं सैमफोड अस्पताल के द्वारा मिर्गी, ब्रेन स्ट्रोक, माइग्रेशन, ब्रेन हेमरेज आदि की निःशुल्क जांच की गयी.

### शिविर में 170 लोगों की खून की जांच हुई

**सिल्ली/मुरी।**-एस. पी. माइक्रो ग्रीन लैब की तरफ से जन सेवा लक्ष्य के तहत गूंज मेले के 3 दिवसीय स्वस्थ जांच शिविर में 170 लोगो की ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप एवं अन्य स्वस्थ सम्बंधित जांच किया गया .बहु आयामी एवं नए तकनिकी से युक्त यह लैब सिल्ली विधानसभा के लोगों के लिए एक अच्छा विकल्प रहा है, जिसपर पैथोलॉजी से सम्बंधित अन्य सभी बड़े से छोटे जांच उपलब्ध है एवं ग्रामीण परिवेश के मुताबिक उचित दर, उच्च स्तर की रिपोर्ट एवं सही समय पर होने की वजह से लोगों की काफी परेशानी दूर हो रही है .

### युवा दस्तक के सदस्यों ने किया कंबल का वितरण

**ओरमांझी।** प्रखंड में शीतलहर और सर्द हवाओं से कड़कती ठंड को देखते हुए सामाजिक संस्था युवा दस्तक ओरमांझी के द्वारा कंबल वितरण किया गया. बुधवार को युवा दस्तक के सदस्यों ने संस्था के अध्यक्ष आशीष कुमार साहू के साथ शिविर लगाकर कंबल वितरण किया. मौके पर युवा दस्तक के अध्यक्ष आशीष कुमार साहू ने बताया कि संस्था द्वारा ठंड से कांपते जरूरतमंद गरीबों के लिए ऐसे आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है.

### विकसित भारत संकल्प यात्रा बचरा द पंचायत में हुआ संपन्न

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत टंडवा प्रखंड अन्तर्गत बचरा दक्षिणी पंचायत भवन में "मोदी सरकार की गारंटी गाड़ी" के सामने टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, स्थानीय मुखिया रीना देवी, पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से विधिवत् फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. मौके पर विशेष रूप में बीपीओ टंडवा सुबोध पासवान, पिपरवार विधायक प्रतिनिधि विजय लाल आदि शामिल थे.

### जंगली हाथी के हमले से चार लोग घायल

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के चोगा गांव में बुधवार को अहले सुबह हाथी के हमले से चार व्यक्ति घायल हुआ है. ग्रामीणों के अनुसार बुधवार सुबह पांच के आसपास एक हाथी गांव में प्रवेश कर हमला किया है. कुछ लोग तालाब में मछली पकड़ रहे थे. कुछ खेत में काम करने जा रहे थे. इसी क्रम में हमला हुआ है. घायल लोगों में 62 वर्षीय गोविंद कोईरी गम्भीर रूप से घायल हुआ है. घटना की सूचना पर पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू गांव पहुंच कर एम्बुलेंस की व्यवस्था कर इलाज के लिये रिम्स भेजा गया.

### थाना प्रभारी ने लोगों को जागरूक किया

**बुढ़मू/ठाकुरगांव।** थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में बुधवार को सड़क सुरक्षा के प्रति अभियान चलाया गया. इस क्रम में पुलिस ने उरुगुट्टू, इटहेमोड़,बरौदी में चारपहिया वाहनों तथा बाइकों के कागजातों की जांच किया गया. मौके पर बिना हेलमेट व वैद्य कागजात नहीं रखने वालों का चालान भी काटा गया. थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर उक्त अभियान चलाया जा रहा है. मौके पर पुनि जुगनु महथा,संतोष कुमार समेत हेमंत कुमार समेत अन्य मौजूद थे.

## ग्रामीणों ने डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क की श्रमदान कर मरम्मत की

# 125 परिवार के लोगों ने सड़क निर्माण का बीड़ा उठाया

सुनील गुप्ता। लापुंग



लापुंग प्रखंड के हुलसु गांव से हुलसु करंज टोली तक डेढ़ किमी लंबी कच्ची सड़क पर सैकड़ों गड्ढों को श्रमदान कर सड़क मरम्मतीकरण कार्य किया. सैकड़ों गड्ढे होने के कारण कच्चे सड़क पर चलना दुभर हो गया था. ग्रामीणों के अनुसार उन्होंने सड़क निर्माण की मांग की थी परंतु किसी ने नहीं सुना. अन्ततः ग्रामीणों ने खुद सड़क निर्माण व मरम्मतीकरण की बीड़ा उठायी . बुधवार की सुबह गांव के सभी ग्रामीण मिलकर श्रमदान के माध्यम से सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया. 125 परिवार के सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण सुबह जुटे और श्रमदान किया. हुलसु करंज टोली और डुरगु टोली के ग्रामीणों ने सरकारी तंत्र को आईना दिखाया. ग्रामीणों ने कुदाल और गईंता लेकर सड़क निर्माण किया.

इस मौके पर ग्राम सभा के अध्यक्ष लुदु सुरीन ने कहा कि जनप्रतिनिधि सड़क को नही बनाएंगे तो हमें खुद से अपने से गांव का विकास करने के लिए बीडा.उठाना होगा. सभी ग्रामीणों की सहमति के बाद थक हार कर ग्रामीणों इसे चलने लायक बनाया . उन्होंने कहा कि दोनो तरफ दोन होने से दोनो तरफ से जमीन के मालिक रास्ता को छीलकर संकरा कर दिया है. इस मौके पर ग्राम सभा अध्यक्ष लुदु सुरीन, सदस्य अमुस होरो, दीपक नाग, बरनबास होरो, दिहु होरो व प्रेमचंद नाग के अलावे सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुषों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी.

## गूंज महोत्सव का तीसरा व अंतिम दिन युवाओं के नाम

# शिक्षा में क्षेत्र को अव्वल बनाना है : सुदेश महतो

संवाददाता। सिल्ली/मुरी




गूंज महोत्सव का तीसरा और अंतिम दिन युवाओं के नाम समर्पित रहा. इस दौरान कई कार्यक्रम शुरू हुए. नई पहल के साथ अब सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के 25 मिडिल स्कूलों में भी स्मार्ट क्लास की शुरुआत की गई. इसके लिए गूंज परिवार, सीसीएल और आईआईटी कानपुर एलुमनी बेस्ड ऐडटेक कंपनी स्कूगलिंक के बीच एमओयू किया गया. इस मौके पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि शिक्षा में क्षेत्र को अव्वल बनाना है. यह वर्तमान और भविष्य दोनों की जरूरत है. इसके लिए कई योजनाएं बनाई जा रही हैं और कई पर काम चल रहा है. इस विधानसभा क्षेत्र के युवाओं, विद्यार्थियों में लगन है. इस लगन को बनाये रखना है.गौरतलब है कि पिछले वर्ष गूंज परिवार और स्कूगलिंक के बीच हुए एमओयू के तहत सिल्ली विधानसभा के सभी हाई स्कूल में स्मार्ट क्लास का सफल संचालन किया जा रहा है.

**सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में वर्चुअल लैब :** इसके अलावा आधुनिक तकनीक को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से सिल्ली में वर्चुअल रियलिटी लैब का शुभारंभ किया गया. वीआर लैब में छात्रों को हेडसेट के माध्यम से वर्चुअल तरीके से किसी कॉन्सेप्ट को आसानी से समझाया जा सकेगा. इस लैब की सफल संचालन के लिए रांची की संस्था समस्कारा और गूंज परिवार के बीच एमओयू साइन किया गया.

### रोबोटिक्स लैब से बच्चों का कौशल विकास होगा

सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के बच्चों को विज्ञान क्षेत्र में अधिक रुचि बढ़ाने, नई चीजें और आधुनिक तकनीकों से रूबरू कराने के लिए रोबोटिक्स लैब की शुरुआत की जा रही है. इसके लिए एस.ई.टी फाउंडेशन और गूंज परिवार के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू हुआ.

### निःशुल्क कोचिंग सेंटर उड़ान की हुई शुरुआत

सिल्ली स्टेडियम परिसर में उड़ान कोचिंग का शुभारंभ किया गया. इस कोचिंग में सिल्ली विधानसभा के 100 छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जायेगी. विद्यार्थियों के लिए अलग नि:शुल्क हॉस्टल की भी सुविधा होगी, जिसमें रहने और खाने की व्यवस्था होगी.

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान



महोत्सव में राज्य व देश का नाम रोशन करने वाले युवाओं के अलावा पढ़ाई के साथ अनुशासन, व्यवहार, खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सुदेश महतो ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सम्मानित किया.

### नए साल पर हुंडरू फाल में सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर बैठक

**सिकिदिरी।** क्रिसमस पर्व और नए साल पर हुंडरू फाल में सुरक्षा-व्यवस्था व स्वच्छता को लेकर बुधवार को स्थानीय पुलिस प्रशासन, स्थानीय ग्रामीण, पर्यटन कर्मी व दुकानदारों की एक संयुक्त बैठक सिकिदीरी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि की अध्यक्षता में हुई. बैठक में पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई. इस दौरान हुंडरू फाल में पर्यटकों की भीड़ बहुत अधिक बढ़ जाती है. बैठक में एसआई अरुण कुमार सिंह, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, झारखंड सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, संरक्षक बालेशवर बेदिया, वार्ड सदस्य रामकुमार बेदिया,पवन कुमार भोगता,माला देवी, चंद्रमोहन भोगता, प्रेम बेदिया, हरिचरण बेदिया, बुधराम बेदिया, विष्णु कुमार बेदिया, मेघनाथ बेदिया, राकेश भोगत, संदीप बेदिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

### मोर्चा ने परियोजना का काम बंद कराया

**खलारी।** कुटकी हेंजदा के रैयतों ने 6 लोगो की नौकरी देने की मांग को लेकर पुरनाडीह परियोजना का काम सुबह से बन्द करा दिया .बुधवार की सुबह रैयत ग्रामीण एव रैयत विस्थापित मोर्चा के लोग पुरनाडीह परियोजना पहुंचे और परियोजना का काम बन्द करा दिया.बन्दी के कारण पुरनाडीह परियोजना का कोयला उत्पादन एव कोयला ढुलाई पूरी तरह बन्द रहा.रैयतों ने कहा कि पिछले चार वर्षों से उनका नौकरी लंबित है. बावजूद आजतक कोई पहल नही किया गया था जिसके कारण मजबूर होकर परियोजना का काम बन्द कराना पड़ा.बन्द की सूचना मिलने पर एनके एरिया जीएम सुजीत कुमार एव पुरनाडीह परियोजना के प्रभारी पीओ जेके सिंह ने रैयत एव रैयत विस्थापित मोर्चा के साथ वार्ता किया .वार्ता में मोर्चा ने कहा कि प्रबंधन को अब ठोस निर्णय लेना होगा .

## चाइल्डलाइन के पूर्व कर्मियों ने बाबूलाल मरांडी को समस्याओं से अवगत कराया



संवाददाता। रांची

चाइल्डलाइन के पूर्व कर्मियों का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को पीटर तिग्गा और राकेश मिश्रा के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा. टीम में खूंटी जिला के टीम लीडर दीनानाथ भंडारी ने बताया कि चाइल्डलाइन बच्चों की देखभाल एवं सुरक्षा की आवश्यकता के लिए एक आपातकालीन सेवा है जो कोविड-19 जैसे महामारी के समय भी बच्चों की सुरक्षा के लिए अपना कीमती योगदान देती आई है. 31 अगस्त 2023 के बाद झारखंड चाइल्डलाइन के सभी कर्मियों को राज्य सरकार के माध्यम से नियुक्ति दिया जाना था, परंतु अब तक विभाग से किसी तरह का कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ. बाबू लाल मरांडी ने पूरा मामला सुनने के बाद चाइल्डलाइन के पूर्व कर्मियों को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया.

### सतीश कच्छप की हैट्रिक से हुलहुंडू क्वार्टर फाइनल में

**सिकिदिरी।** स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के फुटबाल मैदान में बुधवार को खेले गए 10 वें सदभावना चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट के एकतरफा मुकाबले में लिटिल स्टार एफसी हुलहुंडू की टीम ने सतीश कच्छप की हैट्रिक गोल की बदौलत सीकेपी एफसी चक्रधरपुर को 4-0 से रौंदकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली.पूरे खेल के दौरान हुलहुंडू की टीम चक्रधरपुर पर हावी रही.हुलहुंडू की ओर से 17 वर्षीय स्टार खिलाड़ी सतीश कच्छप ने12वें,64वें और 78 वें मिनट में हैट्रिक गोल दाग कर अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई.जबकि,हुलहुंडू की ओर से समीर कच्छप ने भी अपनी टीम के लिए 42वें मिनट में एक गोल किया.पूरे खेल के दौरान युवा खिलाड़ी सतीश कच्छप मैदान में छाए रहे .

## बाघवार अकादमी चान्हो के बच्चों ने किया रातू फन कैसल पार्क का भ्रमण



संवाददाता। चान्हो

चान्हो स्थित बाघवार अकादमी की ओर से नर्सरी से कक्षा -2 तक के बच्चों को बुधवार को भ्रमण के लिए (फ़न कैसल ) रातू पार्क ले जाया गया. फ़न कैसल जाने को लेकर बच्चे काफी उत्साहित थे. बच्चों को विद्यालय के बसों में ले जाया गया. यात्रा से पूर्व बच्चों को विद्यालय के निर्देशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार सहित अन्य शिक्षक गण ने हैप्पी जर्नी कहा तथा हाथ हिला कर सभी का अभिवादन किया. पूरे रास्ते बच्चे बहुत ही उत्साहित एवं खुश नज़र आए. वहां पहुंचकर सभी बच्चे पंक्तिबद्ध होकर एक-एक कर सभी राइड, जैसे- ड्रैगन व्हील, कैटरपिलर, स्ट्राइकिंग कार, स्काई कार तथा सन मून राइड का आनंद उठाया.

**हमला** बिलारी चौक के पास देर रात टीएसपीसी के उग्रवादियों ने दो हाइवा को फूंक डाला

# आम्रपाली से सीएचपी तक कोयला ढुलाई का काम ठप

संवाददाता। पिपरवार



पिपरवार थाना क्षेत्र के बिलारी चौक के समीप बीती रात नक्सली संगठन टीएसपीसी के उग्रवादियों ने कोयला लदे दो हाइवा डम्पर में आग लगा दिया . उक्त हाईवा डम्पर टंडवा के आम्रपाली कोल परियोजना से पिपरवार के सीएचपी कोल वाशरी तक जय अम्बे कम्पनी के अधीन कोयला ढुलाई का काम करता है. मिली जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 11 बजे बिलारी चौक के समीप 8-10 की संख्या में बाइक पर सवार होकर आये हथियारबंद उग्रवादियों ने उक्त मार्ग पर जय अम्बे कम्पनी के हाइवा को रोका और चालक को हाइवा से उतारकर उसके साथ मारपीट किया और पेट्रोल से हाइवा मे आग लगा दिया. सभी उग्रवादी स्वंय को टीएसपीसी संगठन का बता रहे थे.

**खास बातें**

- 10 की संख्या में बाइक पर सवार होकर आये थे उग्रवादी
- चालकों को हाइवा से उतारकर मारपीट की

### अंडरपास पुल निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को पीटा





**पिपरवार।** खलारी थाना क्षेत्र के राय पंचायत अंतर्गतराय रेलवे फाटक के समीप रेलवे अंडरपास पुल निर्माण कार्य कर रहे संवेदक के साइड इंचार्ज सहित मजदूरों को चार की संख्या में आए हथियारबंद अपराधियों ने मंगलवार रात्रि मारपीट कर काम बंद करने की चेतावनी दी. चारों हथियारबंद अपराध कर्मियों ने रेलवे अंडरपास पुल निर्माण कार्य में मिट्टी हटाए जाने के निर्माण में लगे जेसीबी के मालिक सौखी महतो के घर में जाकर सखी महतो के पुत्र रामेश्वर महतो से मारपीट की. घटना को अंजाम दिया . उनके बाउंड्री के अंदर एक राउंड हवाई फायरिंग की घटना को भी अंजाम दिया गया है .जाते-जाते चारों हथियार बंद अपराधियों ने रेलवे अंडर पास पुल निर्माण कार्य में लगे सुपर वाइजर को पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के कमांडर कृष्ण यादव से बात कर लेने के पश्चात ही कार्य करने की चेतावनी दी गई है. इस घटना की प्राथमिक की खलारी थाना में दर्ज करा दी गई है. मजदूरों एवं अन्य कर्मियों में दहशत व्याप्त है. निर्माण स्थल पर कार्यरत मजदूर अजय उरांव ने कहा कि निर्माण स्थल पर चार हथियारबंद अपराधियों ने उसे घेर लिया और मारपीट की. वह सौखी महतो के आवास गेट खुलवाया और जेसीबी मालिक के पुत्र के साथ मारपीट कर हवाई फायरिंग किया .

## न्यूज अपडेट

### तमाड़ के पेड़ायडीह पंचायत में लगा शिविर,उमड़ी भीड़



**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड अंतर्गत पेड़ायडीह पंचायत का आपकी सरकार आपके अधिकार आपके द्वार कार्यक्रम सलगाडीह इंटर कालेज मैदान में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में बीडीओ संतोष कुमार प्रजापति,सीओ अतुल रंजन भगत, बीइओ सुरेश चौधरी, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, सामाजिक कार्यकर्ता गुंजल इकिर मुंडा, पंचायत की मुखिया अनिता देवी, पंसस कृष्ण मुंडा, पंसस सरला देवी, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

### महिलौंग और टाटीसिलवे में चार दिवसीय योग शिविर का समापन



**नामकुम।** प्रखंड के महिलौंग और टाटीसिलवे मध्य विद्यालय में उषा मार्टिन फाउंडेशन व शालिनी अस्पताल द्वारा संचालित चार दिवसीय योग शिविर का मंगलवार को समापन हो गया.चार दिनों के योग शिविर में दोनों विद्यालय से 235 विद्यार्थियों ने भाग लिया. योग गुरु मुक्त रथ के द्वारा कई आसन कराए गए. इस अवसर पर योग गुरु ने कहा योग हमारे तन, मन को स्वस्थ रखता है.

### मूरुपिरी पंचायत में लगा शिविर,लाभुकों को मिला लाभ



**बुढ़मू।** आपके अधिकार ,आपकी सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को बुढ़मू प्रखंड के मुरूपिरी पंचायत में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न प्रकार के योजनाओं,की जानकारी दी गयी. मुख्य रूप से जिला कृषि पदाधिकारी राम नारायण सिंह, बीडीओ धीरज कुमार, बुढ़मू सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी, प जिप सदस्य रामजीत गंझु प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा आदि उपस्थित थे.

### एसडीओ की अध्यक्षता में हुई दिउड़ी मंदिर ट्रस्ट की बैठक



**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो की अध्यक्षता में दिउड़ी मंदिर ट्रस्ट का बैठक संपन्न हुआ. बैठक में सीओ सह ट्रस्ट के सचिव अतुल रंजन भगत के अलावे बीडीओ संतोष कुमार प्रजापति,थाना प्रभारी अमित कुमार,तमाड़ राजा सत्येन्द्र नाथ शाहदेव, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि श्रषिकेश महतो,जिप सदस्य दिलीप सेठ, मुखिया हरिश्चंद्र मुंडा, मुख्य पुजारी नरसिंह पंडा आदि उपस्थित थे.

### फाउंडेशन ने 500 कंबलों का वितरण किया



**नामकुम।** प्रखंड के सिदरौल बाजार में स्व बासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन द्वारा स्वर्गीय बासुदेब चटर्जी की चौथी पुण्यतिथि पर 500 जरूरतमंदों के बीच कम्बल व भोजन का वितरण किया गया . मुख्य अतिथि इचागढ़ विधायक सविता महतो व खिजरी विधायक राजेश कच्छप शामिल हुए. कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सतीश पाल मुजंनी, रांची जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रमेश पांडे,पूर्व पार्षद अरुण झा आदि उपस्थित थे.

### आवासीय विद्यालय पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित



**तमाड़।** प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सलगाडीह तमाड़ में आयोजन किया गया. आओ हम भी अपना सहयोग दें भारत को टीवी मुक्त करने में 9 से 12वीं कक्षा के बच्चों ने भाग लिया. बच्चों के बीच टीबी बीमारी क्या है. कैसे होता है. कैसे बचाव कर सकते हैं. सरकार की क्या सुविधा है चर्चा की गयी. इसी आधारित बच्चों को पेंटिंग बनाने को बोला गया.

### पर्यावरण संरक्षण के लिए इको क्लब का गठन



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के राजकीय संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया और राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा सहित विभिन्न हाई स्कूलों में इको क्लब का गठन किया गया. प्रखंड के मध्य एवं प्राथमिक विद्यालयों में 22 दिसंबर को इको क्लब का गठन किया जाएगा. इको क्लब के गठन के लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षित संकुल साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता एवं चन्द्रमोहन ठाकुर ने विद्यालयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया.

### सांसद विकसित भारत को पूरा करने में जुटे हैं : राकेश भगत



**लापुंग।** लोहरदग्गा के सांसद सुदर्शन भगत प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपनों को पूरा करने में जुटे हैं और केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गांव गांव तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित हैं. उक्त बातें लापुंग प्रखंड के सापुकेरा पंचायत सचिवालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि रांची जिले के सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत ने कही.

### जरूरतमंद लोगों के घरों पर बीडीओ ने उम्मीद की दस्तक दी



**बेड़ो।** अगर दिल में आसहाय और गरीबों का दर्द हो तो मानवता की बेमिसाल तस्वीर अवश्य ही देखने को मिलती हैं. बुधवार को बेड़ो में ऐसा ही नज़ारा उसे वक्त देखने को मिला जब बेड़ो के प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने शाम में बेड़ो बाजार,बड़ाईक मुहल्ला व बेड़ो बस्ती सहित कई गली मोहल्लों का पैदल भ्रमण कर जरूरतमंदों तक पहुंच के दर्जनों गरीबों को सर्दी की बेरहम रात में कंबल की सौगात दी.

### कल्याणपुर में गरीबों के बीच बांटा गया कंबल

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में बुधवार को समारोह आयोजित कर गरीब और असहाय लोगो के बीच कंबल का वितरण किया गया.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर सह झामुमो नेता मनोज चन्द्रा और विशिष्ट अतिथि में प्रेमलता चन्द्रा, रैयत विस्थापित मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन मौजूद थे.स्कूल के निदेशक मोहम्मद साहिल और प्राचार्या ताका नारो जमीर ने सभी अतिथियो का बुके देकर और बेच लगाकर स्वागत किया.जिसके बाद अतिथियो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की. कार्यक्रम मे स्कूल प्रबधंन द्वारा करीब 102 गरीब और असहाय वृद्ध महिला पुरुष के बीच कंबल का वितरण किया गया .

पेज 1 का शेष

### 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति दोबारा पास...

भाजपा की नीति और नियत समझ से परे है. यह झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता की वर्षों पुरानी मांग है. इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की संशोधन की जरूरत नहीं है. सोरेन ने कहा कि 1932 की खतियान आधारित स्थानीयता इस राज्य के करोड़ों आदिवासी और मूलवासी की अस्मिता एवं पहचान जुड़ी हुई है और उनकी यह बहुप्रतीक्षित मांग रही है. उनकी भावना और आकांक्षा के अनुरूप पिछले वर्ष 11 नवंबर को इस सदन ने ध्वनिमत से पारित कर इसे राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए भेजा था. दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने जब अलग राज्य की लंबी लड़ाई लड़ी. यहां के स्थानीय लोगों का झारखंड की संपदा और नौकरियों पर हक रहे, इसी जन भावना से उन्होंने लंबी लड़ाई लड़ी थी. मगर दुर्भाग्य की बात है कि झारखंड बनने के बीस वर्षों तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गयी.

